**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3075**
**दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**भारतीय दूतावासों में कार्यरत ट्रेड ऑफिसर**

**3075. श्री गोडम नागेशः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास इस समय अमरीका, यूरोपीय संघ, जापान, पोलैंड, चीन, जर्मनी, नीदरलैंड, आस्ट्रिया और हंगरी में भारतीय दूतावासों में कार्यरत ट्रेड ऑफिसरों की विस्तृत सूची संबंधी आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त देशों में ट्रेड ऑफिसरों, उनके कार्यालयीन कार्य और संपर्क संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि ट्रेड ऑफिसर निर्धारित समय-सीमा के भीतर उत्तर देने, भारतीय निर्यातकों को पर्याप्त सहायता प्रदान करने और निर्यात संवर्धन संबंधी स्वतः सक्रिय कार्यनीतियों आदि का प्रदर्शन करने में विफल रहते हैं तो उनके लिए क्या जवाबदेही तंत्र स्थापित किया गया है;

(घ) इन महत्वपूर्ण व्यापार सुविधा अधिकारियों के संपर्क ब्यौरे को भारत के उद्यमियों, व्यापारियों और व्यापारिक नागरिकों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या सरकार सभी ट्रेड ऑफिसरों के संपर्क विवरणों को सूचीबद्ध करते हुए एक केन्द्रीकृत, पारदर्शी डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने पर विचार कर रही है ताकि व्यापार करने में सुगमता को बढ़ाया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्गेरिटा)**

(क) जी हां, विदेश स्थित भारतीय मिशनों/केंद्रों में मिशन प्रमुख/केंद्र प्रमुख द्वारा नामित वाणिज्यिक प्रतिनिधि व्यापार संबंधी कार्य देखते हैं।

(ख) इसका विवरण अनुबंध । पर संलग्न है।

(ग) विदेश स्थित भारतीय मिशनों/केंद्रों में तैनात वाणिज्यिक प्रतिनिधियों को व्यापार संबंधी प्रश्नों का त्वरित समाधान करने, व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और निवेश संबंधी मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई करने तथा संबंधित बाजारों में रुचि रखने वाले भारतीय व्यवसायों को सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिशन/केंद्र प्रमुख नियमित रूप से वाणिज्यिक अनुभाग के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करते हैं, जिसमें इन कार्यों को पूरा करने के संबंध में उनकी जवाबदेही और प्रभावशीलता शामिल है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर विदेश स्थित सभी भारतीय मिशनों/केंद्रों की वेबसाइटों के लिंक उपलब्ध हैं, जिनमें संबंधित वाणिज्यिक प्रतिनिधियों के संपर्क विवरण शामिल हैं।

*****

**अनुबंध-I**

**इस समय विदेश स्थित मिशनों/केन्द्रों में तैनात वाणिज्यिक प्रतिनिधियों की सूची**

| क्र. सं. | देश/ मुख्यालय | मिशन/केंद्र | पता | नाम | पदनाम | दूरभाष सं. | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएसए | भारतीय राजदूतावास वॉशिंगटन | भारतीय राजदूतावास वॉशिंगटन 2107, मैसाचुसेट्स एवेन्यू एनडब्ल्यू<br>वाशिंगटन डीसी 20008 | डॉ. अजय कुमार | मिनिस्टर (वाणिज्य) | +1-202-939-7000<br>+1-202-7974693 | mincom.washington@mea.gov.in<br>com3.washington@mea.gov.in |
| 2 | यूरोपीय संघ | भारतीय राजदूतावास ब्रुसेल्स | भारतीय राजदूतावास, बेल्जियम, लक्ज़मबर्ग और यूरोपीय संघ<br>चौसी डे वेलेर्गट 217, 1050 ब्रुक्सलेज़ | श्री पंकज पुखन | प्रथम सचिव (वाणिज्य) | +32 02-645 1853 | sseu.brussels@mea.gov.in |
| 3 | जापान | भारतीय राजदूतावास टोक्यो | भारतीय राजदूतावास, 2-2-11, कुडन-मिनामी, चियोडा-कू, टोक्यो, जापान- 102 | श्री करुण बंसल | काउंसलर (वाणिज्यिक) | +81 80 3214 4729 | fstrade.tokyo@mea.gov.in |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 0074 | | | | |
| 4 | पोलैंड | भारतीय राजदूतावास वारसॉ | भारतीय राजदूतावास, वारसॉ, 2 माइस्लीवीका स्ट्रीट, वारसॉ 00-459, पोलैंड | श्री मोहन लाल | काउंसलर (वाणिज्य) | +48 22 540 00 06<br>+48 606700103 | hoc.warsaw@mea.gov.in |
| 5 | चीन | भारतीय राजदूतावास बीजिंग | भारतीय राजदूतावास, बीजिंग, नंबर 5, लियांग मा क्रियाओ बेई जी, चाओयांग जिला, बीजिंग 100600 चीन | डॉ. गौतम कुमार पांडे | प्रथम सचिव (व्यापार एवं वाणिज्य) | +86-10-8531 2500/2501/2502/2503 | ccom.beijing@mea.gov.in |
| 6 | जर्मनी | भारतीय राजदूतावास बर्लिन | भारतीय राजदूतावास, बर्लिन, टियरगार्टनस्ट्रेश 17, 10785 बर्लिन, जर्मनी | डॉ. दिनेश अंतिल | प्रथम सचिव (आईटीओयू, आर्थिक एवं वाणिज्य) | +49-30-25792742 | com.berlin@mea.gov.in |
| 7 | नीदरलैंड | भारतीय राजदूतावास द हेग | भारतीय राजदूतावास, द हेग, ब्यूटेनरस्टवेग 2,<br>2517 केडी द हेग, नीदरलैंड | श्री सत्य पिनिसेट्टी | प्रथम सचिव (आर्थिक एवं वाणिज्य) | +31-703457771 | trade.thehague@mea.gov.in |
| 8 | ऑस्ट्रिया | भारतीय | भारतीय राजदूतावास, | सुश्री निधि धीमन | प्रथम सचिव (आर्थिक | +43 9006375; | comm.vienna@mea.gov.in |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राजदूतावास वियना | वियना,<br>कार्नटनर रिंग 2<br>1010 वियना, ऑस्ट्रिया | | एवं वाणिज्य) | | |
| 9 | हंगरी | भारतीय राजदूतावास बुडापेस्ट | भारतीय राजदूतावास, बुडापेस्ट, 1025 बुडापेस्ट, बुज़ाविराग उत्का 14 | श्री राजीव कुमार | द्वितीय सचिव (वाणिज्यिक, कोंसली एवं एचओसी) | +3613257567 | hoc.budapest@mea.gov.in |

*****